स्वाधीनता का अमृत महोत्सव

# भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.

## अवध प्रान्त

की



# अवध विहान



## डिजिटल पत्रिका

अंक – अष्ट्म पुष्प, अगस्त 2022



# अवध—विहान

## संरक्षक

**मा. यतीन्द्र शर्मा जी**
अ.भा. सहसंगठन मंत्री
विद्या भारती

## मार्गदर्शक मण्डल

**मा. हेमचन्द्र जी**
क्षेत्रीय संगठन मंत्री
विद्या भारती पूर्वी उ0प्र0 क्षेत्र

**मा. रजनीश पाठक जी**
प्रान्त सेवा, शिक्षा संयोजक
विद्या भारती, अवध प्रान्त.

**मा. हरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव जी**
मंत्री
भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.

**मा. राजेन्द्र बाबू जी**
प्रदेश निरीक्षक
भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.

**मा. सुरेश कुमार सिंह जी**
सम्भाग निरीक्षक (सीतापुर सम्भाग)
भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.

**मा. अवरीश कुमार जी**
सम्भाग निरीक्षक (साकेत सम्भाग)
भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.

## सम्पादक मण्डल

**प्रधान सम्पादक**

**डॉ. योगेन्द्र प्रताप सिंह**
प्रान्त प्रचार प्रमुख
भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.

**विशेष सहयोग**
जितेन्द्र पाण्डेय
प्रान्त सोशल मीडिया प्रमुख

**सहसम्पादक**


**श्रीमती शिप्रा बाजपेई**
प्रधानाचार्य
स.ध.स.वि.बा.इ.का. लखीमपुर खीरी

**श्रीमती निधि द्विवेदी**
प्रधानाचार्य
स.बा.वि.म..इ.का., सरस्वती नगर रायबरेली

# सम्पादक की कलम से –



भारत को आजाद हुए 75 वर्ष हो चुके हैं और हम सबके द्वारा इस 75 वें वर्ष को अमृत महोत्सव के रूप में पूरे वर्ष भर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया इसी क्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की मूर्तियों की साफ सफाई एवं माल्यार्पण, तिरंगा यात्रा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी या उनके परिवार का सम्मान, भारत माता पूजन आदि कार्यक्रम किए गए परंतु क्या यह कार्यक्रम करने मात्र से हम सब का कर्तव्य पूर्ण हो गया। हम सबको प्रत्येक वर्ष ही नहीं प्रतिदिन इस तरह के विभिन्न कार्यक्रमों को करते हुए आने वाली पीढ़ियों को बताना होगा कि किस प्रकार लोगों ने अपनी जान की परवाह न करते हुए इस स्वतंत्रता को प्राप्त करने के लिए अपने का बलिदान कर दिया और कुछ चाटुकार इतिहासकारों ने ऐसे स्वतंत्रता सेनानियों का इतिहास में जिक्र भी नहीं किया। स्वतंत्र होने के कारण ही आज हम सब अपने सभी त्यौहारों को अच्छे से मना रहे हैं इन्हीं त्यौहारों में एक त्यौहार रक्षाबंधन भी है बहनों ने अपने भाइयों का की कलाई पर राखी बांधकर एक–दूसरे की रक्षा का वचन भी दिया। रक्षाबंधन सिर्फ एक त्यौहार नहीं यह एक संकल्प भी है जब व्यक्ति एक एक से दो होता है तो उसका साहस बढ़ जाता है और आने वाली विपत्ति से डट कर सामना करता है। इसी प्रकार हम सबको एक होकर सबके साथ लेकर चलना होगा और एक दूसरे से खुशियां बांटनी होंगी।



डॉ0 योगेन्द्र प्रताप सिंह
प्रधान सम्पादक
पं0 दीनदयाल उपाध्याय स.वि.म. इ.का.
लखीमपुर–खीरी

# हमारी गतिविधियां

## लखनऊ संकुल

### सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज, सेक्टर क्यू लखनऊ में हुए कार्यक्रम की झलकियां

















# स्वास्थ्य परीक्षण सम्पन्न







लखनऊ,सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर क्यू अलीगंज के नर्सरी से कक्षा 5 तक के भैया बहनों का परीक्षण प्रारम्भ हुआ। प्रधानाचार्य श्री राजेन्द्र सिंह ने बताया कि छोटे बच्चों के पेट में कीड़े हो जाने या अन्य किसी प्रकार की अन्य विमारियों की जाचं करने के लिए 25 जुलाई से 2 अगस्त तक चलने वाले इस परीक्षण शिविर में KGMU की टीम आयी हुई है। डॉक्टर शैली अवस्थी विभागाध्यक्ष बाल विभाग द्वारा भेजी गई तीन सदस्यों की टीम में प्रतीक्षा तिवारी,योगेश तिवारी और हर्ष मौर्य द्वारा सभी भैया बहनों का परीक्षण किया जाना है । दवा पिलाने के बाद पुनः परीक्षण किया जायेगा । जिन भैया बहनों के पेट में कीड़े होंगे या अन्य समस्या होगी उसका इलाज कराया जायेगा।

# रंगोली प्रतियोगिता सम्पन्न



लखनऊ, दिनाँक 3/8/2022 को भारत विकास परिषद के तत्वाधान में 6 क्लास से 12 क्लास की रंगोली प्रतियोगिता सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज  इन्दिरा नगर, लखनऊ में संपन्न हुई।





# भैया व बहन सम्मानित किये गये



सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज  इन्दिरा नगर लखनऊ के भैया बहनों को राम कृष्ण सेवाश्रम निराला नगर लखनऊ में आयोजित सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य जी एवं आचार्या बहने  एवं आश्रम के माननीय सदस्य और अधिकारी उपस्थित रहे।





# राखी बनाना सिखाया गया



सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर क्यू अलीगंज लखनऊ में आज भैया बहनों ने राखी बनाना सीखा। कार्यक्रम सयोजिका नीना चंद्रा ने बताया कि अबकी बार रक्षाबंधन उत्सव मनाने के लिये सभी स्वयं की बनाई हुई राखी का उपयोग किया जायेगा। प्रधानाचार्य जी ने बताया कि प्रधानमंत्री के आह्वान आत्मनिर्भर भारत की तरफ एक छोटा सा कदम है।











# स्वतन्त्रता दिवस कार्यक्रम सम्पन्न






सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज इन्दिरा नगर लखनऊ में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विद्यालय में मुख्य अतिथि के रूप में श्री आशुतोष टंडन जी ने ध्वजारोहण किया विशिष्ट अतिथि के रूप में माननीय प्रदेश निरीक्षक जी श्री राजेन्द्र जी ,माननीय प्रबंधक जी श्री मदन मोहन गुप्त जी,विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री नीरज कुमार जी एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। भैया बहनों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया।





# लखीमपुर संकुल

## सेवक–सेविका प्रशिक्षण वर्ग सम्पन्न






संकुल स्तरीय सेवक–सेविका प्रशिक्षण वर्ग माधव चिल्ड्रेन एकेडमी, लखीमपुर में सम्पन्न हुआ। जिसका उदघाटन मा. रवि भूषण साहनी (प्रबन्धक, पं.दी.द.उपा.स.वि.म.इ.का. CBSE) एवं श्री शिवकान्त मिश्र (पूर्व प्रवक्ता, धर्म सभा इण्टर कालेज, लखीमपुर) ने फीता काटकर, मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन व दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इस सत्र में इस प्रशिक्षण की प्रस्ताविकी डॉ0 योगेन्द्र प्रताप सिंह (संकुल प्रमुख, लखीमपुर) तथा अतिथि परिचय श्री मुनेन्द्र दत्त शुक्ल (प्रधानाचार्य, सनातन धर्म सरस्वती शिशु मन्दिर, मिश्राना) नें किया। मुख्य अतिथि मा. रवि भूषण साहनी जी ने सेवक–सेविकाओं को विद्यालय की वह कड़ी बताया जिसके बिना विद्यालय अधूरा है। उन्होंने कहा कि प्रधानाचार्य एवं आचार्य की अनुपस्थित में विद्यालय चल सकता है परन्तु सेवक–सेविका की अनुपस्थित में विद्यालय चलाना असम्भव है। विद्यालय में किसी अभिभावक या भैया बहनों से पहली मुलाकात इन सेवक–सेविकाओं से ही होती है और इनके व्यवहार से ही विद्यालय का नाम अच्छे या बुरे में गिना जाता है। इस अवसर पर लखीमपुर संकुल










के संकुल प्रमुख डॉ0 योगेन्द्र प्रताप सिंह, पलिया संकुल के संकुल प्रमुख श्री वीरेन्द्र वर्मा, लखीमपुर जिला के जिला प्रमुख श्री शेषधर द्विवेदी (प्रधानाचार्य, पं.दी.द.उपा.स.वि. म.इ.का. CBSE), अस्तल सरस्वती विद्या मन्दिर, मोहम्मदी के प्रधानाचार्य, सनातन धर्म सरस्वती विद्या मन्दिर बालिका इण्टर कालेज, लखीमपुर की प्रधानाचार्या, मेवालाल रामदुलारी सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज, मझगईं के प्रधानाचार्य और सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज, गोला के प्रधानाचार्य प्रतिनिधि आदि लोग उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में कुल 80 सेवक–सेविकाओं ने प्रतिभाग किया। सेवक–सेविकाओं की श्रेणीशः (चालक, सेविका, सेवक) बैठक कर के प्रशिक्षण दिया गया तथा इसके समापन के अवसर पर श्री कैलाश जी (सम्भाग निरीक्षक लखीमपुर, जन शिक्षा समिति) उपस्थित रहे। उन्होंने सेवक–सेविकाओं को विद्यालय की प्रथम कड़ी बताया तथा इनके कार्य की सराहना की। सभी सेवक–सेविका समापन सत्र में कार्यक्रम इसी का नाम जिन्दगी में अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया और इस कार्यक्रम की भूरि–भूरि प्रसंशा की। मंच संचालन श्री मुनेन्द्र दत्त शुक्ल (प्रधानाचार्य, सनातन धर्म सरस्वती शिशु मन्दिर, मिश्राना) एवं श्री ऋतुराज बाजपेयी (प्रबन्धक, माधव चिल्ड्रेन एकेडमी, लखीमपुर) तथा आभार ज्ञापन श्रीमती रूचि ऋतुराज बाजपेयी (सह–प्रबन्धक, माधव चिल्ड्रेन एकेडमी, लखीमपुर) नें किया।









# अभिभावक सम्मेलन आयोजित किया गया








पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज यूपी बोर्ड लखीमपुर खीरी में अभिभावक सम्मेलन व कॉपी शो संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ योगेंद्र प्रताप सिंह ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए बताया कि यदि आपको कोई समस्या है तो उसे डायरी पर लिखकर भेज देंगे, छात्र स्वयं उस पर प्रधानाचार्य के साइन करवाएगा। आपकी समस्या का निदान किया जाएगा। जो भैया वाहन से आते हैं उनकी अतिरिक्त कक्षाएं भी प्रारंभ हो गई हैं। विद्यालय में माह में एक दिन बैगलेस शिक्षण प्रारंभ हो गया है। कॉपियां देखने के बाद सभी अभिभावक संतुष्ट थे। अभिभावकों ने जो सुझाव दिए उन्हें प्रधानाचार्य जी ने अपने पास नोट कर लिया। मौसम खराब होने के उपरांत भी कार्यक्रम में अधिकांश अभिभावक उपस्थित रहे।

# गोस्वामी तुलसीदास की जयन्ती मनायी गयी







सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज पलिया कलां खीरी में गोस्वामी तुलसीदास जी की जयन्ती मनाई गई। इस अवसर पर वरिष्ठ आचार्य श्री धनुष धारी जी ने बताया कि तुलसी दास जी की महनीय पुनीत कृति श्री रामचरितमानस है जिसे हम मानवता का संविधान कह सकते हैं। आज से 511 वर्ष पूर्व तुलसीदास जी का जन्म आज ही के दिवस पर श्रावण शुक्ल सप्तमी को हुआ था। उनकी कृति सद्गुणत्रयी है। निबन्ध प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागी हुए पुरस्कृत। सीनियर वर्ग में आचार्य प्रफुल्ल चन्द्र राय पर आयोजित निबन्ध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बहन निधि गुप्ता, द्वितीय स्थान पर भैया अनवित सिंह, एवं तृतीय स्थान पर भैया मनवीर सिंह रहे। वहीं षष्ठ से अष्टम तक के लिए प्रोफेसर जगदीश चन्द्र बसु पर आयोजित निबन्ध प्रतियोगिता में बहन सरन कटियार को प्रथम स्थान, छवि राठौर व वैष्णवी मिश्रा को द्वितीय स्थान, तथा तृतीय स्थान पर बहन अनुराधा मिश्रा व सोना गुप्ता रहीं। भैया बहनों ने सभी स्थान प्राप्त प्रतिभागियों के लिए सैनिक ताल बजाकर अभिनन्दन किया। प्रधानाचार्य वीरेन्द्र वर्मा ने सभी का उत्साह वर्धन किया। तुलसी जयंती पर संबोधित



करते हुए भैया बहनों को रामचरितमानस पढ़ने की सलाह दी संत के गुण बताते हुए कहा कि संत हृदय नवनीत समाना उन्होने आगे कहा

न जाना निज परिताप द्रवई नवनीता,

परहित द्रवै  सो संत पुनीता।

ऐसी ही अनेक चौपाइयों का विशेष वर्णन करते हुए सद संस्कारों की शिक्षा दी।

## अमृत महोत्सव का समापन सप्ताह धूमधाम से मनाया



75वें स्वतन्त्रता के अमृत महोत्सव के समापन सप्ताह के अन्तर्गत लखीमपुर नगर के प्रत्येक स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी की मूर्ति की साफ–सफाई तथा माल्यार्पण करने का लक्ष्य लखीमपुर नगर के विद्या भारती के विद्यालयों नें लिया है इसी उपलक्ष्य में विद्या भारती विद्यालय पं0 दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज (यू.पी.बोर्ड), लखीमपुर ने छाउछ चौराहे पर स्थित स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी बिजली पासी जी की मूर्ति की साफ सफाई का जिम्मा लिया है। इस क्रम में आज तृतीय दिन विद्यालय के प्रधानमंत्री, प्रधानअनुशासक एवं छात्र सांसद तथा आचार्य श्री राजेन्द्र प्रसाद ओझा, श्री आशीष मोहन बाजपेयी व विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 योगेन्द्र प्रताप सिंह, नगर पालिका अध्यक्षा श्रीमती निरूपमा मौनी बाजपेयी एवं डा0 सतीश कौशल बाजपेयी (अध्यक्ष, विद्यालय प्रबन्ध समिति) की मौजूदगी में साफ–सफाई का कार्य हुआ। तत्पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 योगेन्द्र प्रताप सिंह, नगर पालिका अध्यक्षा श्रीमती निरूपमा मौनी बाजपेयी एवं डा0 सतीश कौशल बाजपेयी (अध्यक्ष, विद्यालय प्रबन्ध समिति) नें मिलकर स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी बिजली पासी जी की



मूर्ति पर माल्यार्पण किया। नगर पालिका अध्यक्षा श्रीमती निरूपमा मौनी बाजपेयी नें छात्र सांसदों को सम्बोधित करते हुए बताया कि स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों को सम्मान देना हमारा नैतिक कर्तव्य है इसलिए समाज में जहाँ–जहाँ इनका स्थान बना है उसकी साफ–सफाई हमेशा होती रहे इसका भी हमें ध्यान देना होगा तथा छात्र सांसदों को इस उत्कृष्ट कार्य के लिए बधाई एवं शुभाशीर्वाद दिया।




















## तुलसीदास जी की जयन्ती मनायी गयी

विद्या भारती विद्यालय डॉ0 हेडगेवार सरस्वती शिशु मंदिर आवास विकास लखीमपुर खीरी में आज तुलसीदास जी की जन्म जयंती के अवसर पर विद्यालय में विद्वत परिषद की गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्जवलन एवं पूजन अर्चन के साथ हुआ। मंचासीन अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री राम मणि मिश्र जी ने कराया। इस अवसर पर आए हुए सभी अतिथि महानुभाव में श्री राम अवतार शर्मा अध्यक्ष बीएड संकाय, श्री दिनेश चंद्र शर्मा जी ने अपने कई अनुभव और उदाहरण के द्वारा हम सभी को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के नियमों के बारे में विस्तारपूर्वक समझाया। माननीय दिनेश चंद्र शर्मा जी ने NEP 2020 के प्रमुख बिंदुओं पर प्रकाश डाला और शिक्षण के साथ–साथ शारीरिक शिक्षा के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। विद्या भारती विद्यालयों की स्थापना के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य जी ने कार्यक्रम की भूमिका और राष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली से संबंधित अपने विचारों को प्रस्तुत किया।इस अवसर पर विद्यालय के भैया शिवम वर्मा एवं बहन भाव्या त्रिपाठी ने गोस्वामी तुलसीदास जी के जीवन चरित्र के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर उपस्थित सभी मंचासीन अतिथियों एवं अभिभावकों के प्रति आभार प्रदर्शन विद्वत परिषद प्रमुख श्री भूपेंद्र सिंह जी ने किया। का संचालन आचार्य श्री श्याम वल्लभ शुक्ला जी ने किया। कार्यक्रम का समापन शांति मंत्र के साथ हुआ।

## अस्तल सरस्वती विद्या मन्दिर मोहम्मदी खीरी में झण्डा वितरित किया गया





# शपथ ग्रहण कार्यक्रम सम्पन्न




विद्या भारती विद्यालय डॉ0 हेडगेवार सरस्वती शिशु मंदिर आवास विकास लखीमपुर में सत्र 2022– 23 हेतु शिशु भारती, छात्र संसद एवं कन्या भारती के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना व पूजन अर्चन के साथ हुआ। कार्यक्रम में पधारे मंचासीन अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री राम मणि मिश्र जी ने कराया। कार्यक्रम के अध्यक्ष के रूप में विद्यालय के उपाध्यक्ष श्री प्रवीण प्रकाश बरनवाल मुख्य अतिथि, विद्यालय के संरक्षक श्री ज्ञान स्वरूप शुक्ल जी, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ लखीमपुर के जिला प्रचारक श्री अविनाश जी, विद्यालय के सक्रिय सदस्य श्री अजय पांडे जी मंच पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की भूमिका शिशु भारती व छात्र संसद प्रमुख श्री विवेक श्रीवास्तव जी ने रखी। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि श्री अविनाश जी ने सभी नव चयनित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए भैया बहिनों से भविष्य में सामाजिक नेतृत्व की अभिलाषा भी व्यक्त की। कार्यक्रम में छात्र संसद हेतु प्रधानमंत्री भाव्या त्रिपाठी, प्रधान न्यायाधीश इंदिरा गोस्वामी, प्रधान सेनापति शिवम यादव तथा शिशु भारती हेतु अध्यक्ष अमृता सिंह मंत्री, आराध्या वर्मा सेनापति, आराध्य माथुर सभी विभाग प्रमुखों व सहायकों को पद की निष्ठा पूर्वक निर्वहन हेतु शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर बहिन इंदिरा गोस्वामी ने शपथ गीत तथा शिशु भारतीय छात्र संसद के पदाधिकारी बहिन भाव्या त्रिपाठी, इंदिरा गोस्वामी, अमृता सिंह, आराध्या वर्मा ने अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में पधारे अतिथियों के प्रति आभार प्रदर्शन शिशु भारती छात्र संसद प्रमुख आचार्य श्री विवेक श्रीवास्तव जी ने किया। कार्यक्रम का संचालन आचार्य श्री श्याम वल्लभ शुक्ल जी ने किया। इस अवसर पर अनेक अभिभावक आचार्य बंधु व भैया बहिन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन कल्याण मंत्र के साथ हुआ।

# राखी निर्माण कार्यशाला का आयोजन हुआ




अस्तल सरस्वती विद्या मंदिर मोहमदी खीरी मैं राखी निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें  संभाग निरीक्षक सीतापुर संभाग श्री सुरेश सिंह जी का मार्गदर्शन भैया बहनों को प्राप्त हुआ तत्पश्चात आचार्य बंधुओं के साथ बैठक कर सभी को दिशा निर्देश देते हुए विद्यालय के विकास हेतु अनेक बिंदुओं पर चर्चा की।





# भारतमाता पूजन व रक्षाबन्धन कार्यक्रम मनाया गया







विद्या भारती विद्यालय पं0 दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज (यू.पी. बोर्ड), लखीमपुर खीरी में आज भारत माता पूजन व रक्षाबन्धन कार्यक्रम मनाया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 योगेन्द्र प्रताप सिंह नें भारत माता का पूजन किया तथा अपने पर्वों के धार्मिक महत्व के साथ–साथ वैज्ञानिक महत्व पर प्रकाश डाला। समस्त विद्यालय परिवार नें अपने राष्ट्र की स्वतन्त्रता को अक्षुण्ण बनाये रखने का संकल्प लिया। विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य श्री राजेन्द्र प्रसाद ओझा ने पं0 ओंकारनाथ ठाकुर के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पं0 ओंकारनाथ ठाकुर जी 15 अगस्त 1947 को प्रातः 6:30 बजे आकाशवाणी पर पहली बार वन्देमातरम् राष्ट्रगीत का गायन किया था। आप वास्तव में भारतीय संगीत के वरद पुत्र थे।










# रक्षाबन्धन कार्यक्रम मनाया गया







विद्या भारती विद्यालय डॉ0 हेडगेवार सरस्वती शिशु मंदिर आवास विकास लखीमपुर खीरी में शिशु भारती एवं छात्र संसद के सहयोग से वंदना स्थल पर भैया बहिनों द्वारा रक्षाबंधन कार्यक्रम मनाया गया। इस अवसर पर भैया बहिनों ने अपने विचार व गीत प्रस्तुत किए। भैया बहिनों ने एक दूसरे के रक्षा सूत्र बांधे व मिष्ठान खिलाया। इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य श्री परसराम कश्यप, श्री वीरेंद्र पांडेय ने अपने विचार प्रस्तुत किए। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री राम मणि मिश्र जी ने भैया बहिनों को पाथेय प्रदान किया। इस अवसर पर कक्षा 6 से 8 तक की बहिनों की राखी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। जिसमें भाव्या त्रिपाठी ने प्रथम, दीप्ति ने द्वितीय वा कनिष्का ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में 17 बहिनों ने भाग लिया। रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में विद्यालय की बहिनों ने अनेक सरकारी प्रतिष्ठानों में जाकर अधिकारी तथा विद्यालय की समिति के बंधुओं को अपने आचार्य जी के साथ जाकर रक्षा सूत्र बांधे व शुभकामनाएं दी। विद्यालय की घोष वाहिनी के छात्रों ने घोष प्रमुख आचार्य श्री विवेक श्रीवास्तव, आचार्य श्री दिवाकर नाथ शुक्ल जी के साथ आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत जिला अधिकारी महोदय द्वारा आयोजित लखीमपुर खीरी की तिरंगा रैली में प्रतिभाग किया।














Rakhi Making
COMPETITION
11.08.22





## पं0 दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज (सी0बी0एस0ई0) लखीमपुर में मेहदी व राखी बनाने की प्रतियोगिता सम्पन्न हुयी।








# पोस्टर प्रतियोगिता व स्लोगन प्रतियोगिता सम्पन्न








सनातन धर्म सरस्वती विद्या मंदिर बालिका इंटर कॉलेज लखीमपुर खीरी में अमृत महोत्सव सप्ताह के प्रथम दिन एक पोस्टर प्रतियोगिता एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं में बढ़–चढ़कर प्रतिभाग किया। साथ ही नगर में स्थित शहीद राज नारायण मिश्र जी की मूर्ति पर विद्यालय की छात्राओं द्वारा माल्यार्पण, स्थल की सफाई एवं राष्ट्रगान किया गया। रक्षाबंधन के अवसर पर बालिकाओं ने संस्कृत विद्यालय में जाकर बटुको की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधे और भाइयों के लिए मंगलकामनाएं की।








सनातन धर्म
बालिका इण्टर कालेज
लखीमपुर-खीरी









# कार्यक्रम मनाया गया

75 वें स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में विद्याभारती विद्यालय सरस्वती शिशु वाटिका लखीमपुर में अम्बेडकर पार्क में डॉ भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति की साफ–सफाई कराकर ( कक्षा उदय) के भैया बहिन कक्षाचार्या बहिन पूनम सिंह, शिशु वाटिका की संचालिका हीरा सिंह साथ ही (सदर विधायक माननीय योगेश जी) ,( भाजपा जिलाध्यक्ष माननीय सुनील सिंह) पूर्व नगर पालिका अध्यक्षा बहिन डॉ इरा श्रीवास्तव ने डॉ अम्बेडकर जी को माल्यार्पण किया। कार्यक्रम का समापन वन्देमातरम के साथ हुआ।

















# अस्तल सरस्वती विद्या मन्दिर मोहम्मदी खीरी के तिरंगा यात्रा की झलकियां





















# पुष्पांजलि अर्पित की




विद्या भारती विद्यालय सनातन धर्म सरस्वती शिशु मंदिर मिश्राना लखीमपुर द्वारा आज दिनांक 15/08/2022को गांधी व अम्बेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर विद्यालय अध्यक्ष श्री कैलाश नाथ सेठ जी, उपाध्यक्ष श्री बलराम माथुर जी व श्री डॉ आनन्द जी सेवा भारती के विभाग संगठन मंत्री अयोध्या व प्रधानाचार्य मुनेन्द्र दत्त शुक्ल, श्री गिरीश बाजपेई जी, विजय शंकर तिवारी, श्री उत्तम कुमार मिश्र एवं घोष वाहिनी के भैया बहनों की उपस्थिति रही।।









# पं० दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज (सी०बी०एस०ई०) में आयोजित कार्यक्रम की झलकियां

















# स्वतन्त्रता दिवस कार्यक्रम मनाया गया









76 वें स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर पं0 दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मन्दिर इन्टर कालेज (यू.पी. बोर्ड) लखीमपुर में मुख्य अतिथि श्री विजय कुमार पाण्डेय (पूर्व जिला प्रचारक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ), विद्यालय प्रबन्धक श्री विमल अग्रवाल व विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 योगेन्द्र प्रताप सिंह ने मिलकर ध्वाजारोहण किया, तदुपरान्त माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन सहित भारत के वीर शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण करके सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारम्भ किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 योगेन्द्र प्रताप सिंह ने अतिथि महानुभाव का परिचय कराया। भैया अस्तित्व पटेल, अग्रिम वर्मा, अक्षत, अविनेश मिश्रा, रचित, रणवीर, मयंक गुप्ता ने गीत प्रस्तुत किये। भैया पियूष आनन्द, रचित प्रजापति, शौर्य तिवारी तथा अंश यादव ने नृत्य प्रस्तुत किया। भैया गौरव राज, आर्यमान शुक्ला, लवकुश पाण्डेय व इनके साथी भैयाओं ने आचार्य श्री विजय कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में लघु नाटिका प्रस्तुत की। जिसमें आधुनिक इलेक्ट्रानिक गैजेट्स का सावधानी पूर्वक प्रयोग न करके उसका दुरूपयोग करने से दुष्परिणामों को प्रदर्शित किया गया। भैया सन्दर्भ दीक्षित नें हिन्दी वक्तव्य तथा भैया लवकुश पाण्डेय, प्रशान्त कश्यप, उत्कर्ष मिश्रा नें अंग्रेजी वक्तव्य







प्रस्तुत किया। भैया अंकुर, आर्यमान शुक्ला, रोचक वर्मा, नितीश, जतिन नें पिरामिड की प्रस्तुती की। संस्कार केन्द्र से आये हुए बच्चों नें भी गीत और वक्तव्य प्रस्तुत किये। इस अवसर पर प्रबन्धक जी ने कहा कि आज भारत देश पूरे विश्व में अलग स्थान बनाये हुए है चाहे संयुक्त राष्ट्र संघ हो या ओलम्पिक खेल भारत मां के सपूत हर जगह सफलता का परचम फहरा रहे हैं। मुख्य अतिथि जी ने कहा आज की तिथि बहुत कुर्बानी के बाद प्राप्त हुयी है। यह 76वीं वर्षगांठ जो अमृत महोत्सव के रूप में वर्ष भर मनायी गयी है। हम सब को मिलकर आज स्वतन्त्रता दिवस की 76वीं वर्षगाँठ पर यह शपथ लें कि जब तक भारत में रामराज्य स्थापित नहीं होगा हम आराम से नहीं बैठेंगे और अखण्ड भारत की कल्पना को साकार करेंगे। विद्यालय के आचार्य श्री बृजेन्द्र वर्मा ने आये हुये अतिथियों का आभार प्रकट किया। संचालन आचार्य श्री सर्वेन्द्र कुमार अवस्थी ने किया। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।










दिनांक 15 अगस्त 2022 दिन सोमवार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गोला गोकर्णनाथ लखीमपुर खीरी में 76 वें स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम मनाया गया, जिसमें विभिन्न कक्षाओं के भैया बहनों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

























# अस्तल सरस्वती विद्या मन्दिर, मोहम्मदी की स्वतन्त्रता दिवस कार्यक्रम की झलकियां









# स्वतन्त्रता दिवस कार्यक्रम मनाया गया




विद्या भारती विद्यालय डॉ0 हेडगेवार सरस्वती शिशु मंदिर आवास विकास लखीमपुर खीरी में आज आजादी के अमृत महोत्सव के उत्सव में 76 वां स्वतंत्रता दिवस  बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में घोष वाहिनी के छात्रों द्वारा घोष वादन के साथ अतिथियों का स्वागत किया गया। मुख्य





अतिथि व पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष डॉ0 श्रीमती इरा श्रीवास्तव जी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। राष्ट्रगान के पश्चात भारत माता की आरती व जय घोष, स्वतंत्रता दिवस अमर रहे, अमर शहीदों की जय आदि के जय घोष किए गए। तत्पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता की आरती व मां सरस्वती के दीप प्रज्ज्वलन एवं वाणी वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम



में पधारे अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री राममणि मिश्र जी ने कराया। कार्यक्रम के अध्यक्ष के रूप में श्रीराम मार्बल्स प्रतिष्ठान के प्रमुख श्री शिवकुमार अग्रवाल जी ,मुख्य अतिथि डॉ0 इरा श्रीवास्तव जी पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष, संरक्षक श्री ज्ञान स्वरूप शुक्ल जी, सदस्य श्री अजय पांडेय जी और विद्यालय के विद्वत परिषद के सह मंत्री व पूर्व सैनिक एवं अभिभावक श्री विनोद कुमार तिवारी जी मंच पर उपस्थित रहे। इस अवसर पर भैया बहनों ने भाषण, गीत, अभिनय गीत व नृत्य आदि रंगारंग मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।इस अवसर पर कुरुक्षेत्र हरियाणा द्वारा आयोजित संस्कृति ज्ञान परीक्षा में क्रमशः प्रथम , द्वितीय , तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले आचार्य श्री सर्वेश कुमार बाजपेई जी, श्री विवेक श्रीवास्तव



जी व श्रीमती नगीना सिंह जी को विद्यालय द्वारा सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। इसी परीक्षा में स्थान प्राप्त करने वाले 11 अभिभावकों को भी पुरस्कृत किया गया। विद्यालय द्वारा आयोजित राखी निर्माण व कला प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाले भैया बहनों को भी पुरस्कार दिए गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ0 इरा श्रीवास्तव जी का उद्बोधन सभी को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम अध्यक्ष श्री शिवकुमार अग्रवाल जी ने सभी भैया बहनों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। संरक्षक श्री ज्ञान प्रकाश शुक्ल जी ने सभी अतिथियों अभिभावकों








व आचार्य परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन आचार्य श्री श्याम वल्लभ शुक्ल जी ने किया। इस अवसर पर भारी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत वंदे मातरम के साथ हुआ।

# विज्ञान सप्ताह का हुआ समापन









आज सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज पलिया कला खीरी में विभाजन विभीषिका दिवस मनाया गया। राष्ट्र के विभाजन की विभीषिका के उपलक्ष में मनाए जाने वाले इस दिवस पर सर्वप्रथम आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में आज ध्वजारोहण के द्वितीय दिवस पर राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान पूर्वक आरोहण विद्यालय प्रबन्ध कार्यकारिणी के सम्मानित प्रबन्धक श्रीमान रामबचन तिवारी जी ने सम्पन्न किया। राष्ट्र गान के पश्चात विद्यालय परिसर भारत माता की जय एवं वन्दे मातरम के उदघोष से गुंजायमान हुआ। ध्वजारोहण के पुनीत अवसर पर शिक्षक त्रिभुवन मिश्र जी ने ओजपूर्ण कविता सुनाकर भैया बहनों को आनन्दित किया। मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर सरस्वती वन्दना पश्चात श्री राम वचन जी ने भैया बहनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज ही के दिन हमारा भारत दो भागों में विभाजित हुआ था। विभाजन की त्रासदी जिन्होंने झेली उन परिवारों के दर्द को हम आज भी सुनकर स्तब्ध रह जाते है। आज के दिन हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि हम अखण्ड भारत को पुनः अखण्ड रूप में देखें। श्रीमान त्रिभुवन मिश्र जी ने भी भैया बहनों को सम्बोधित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य वीरेन्द्र वर्मा ने अपने समापन वक्तव्य में भैया बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि 15 अगस्त 1947 को हमारे देश को परकीय शासन ने आजादी दी, ठीक 12रू00 बजे रात्रि में आजादी दी गई चूंकि भारत की तुलना में पश्चिम के क्षेत्र लाहौर इस्लामाबाद में समय 30 मिनट पीछे रहता है। इसलिए भारत माता के विभाजन के बाद पाकिस्तान का स्थापना वर्ष और अस्तित्व में आने का वर्ष भी 14 अगस्त 1947 ही है।

क्योंकि 30 मिनट पहले इस क्षेत्र में समय 11:30 होने के कारण 14 अगस्त ही था। इस दिन पाकिस्तान में नवीन व्यवस्था के अनुसार बनी सरकार ने उस क्षेत्र में रहने वाले हिंदुओं को अपना नागरिक मानने से इनकार कर दिया उन्होंने घोषणा कर दी कि यदि इस मुल्क में रहना है तो इस्लाम स्वीकार करो अन्यथा इस सरजमी को छोड़ दो। पाकिस्तान से हिंदुओं की कटी हुई लाशें इस बात की गवाह है की पाकिस्तान के विभाजन की त्रासदी का मूल्य सर्वाधिक हिंदुस्तान में रहने वाली हिन्दू कौम ने ही चुकाई है। विभाजन विभीषिका के इस दिन पर आज हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि हमारा जन्म तो खण्डित भारत में हुआ है परन्तु हम इन्हीं आंखों से अखण्ड भारत को देख सकेंगे। भैया बहनों को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य ने यह भी बताया कि आप जिस क्षेत्र में जाने की इच्छुक हो उसके लिए संयमित दिनचर्या के साथ कठिन परिश्रम और अविकल्पी संकल्प के साथ जुट जाएं, सफलता आपके चरण चूमेगी। आजादी के अमृत महोत्सव के पावन पर्व पर अंतिम सप्ताह के कार्यक्रमों की श्रंखला में आज कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ सभी वर्गो की टीमों में विजयी टीमों के आधार पर सेमीफाइनल व फाइनल का मैच काफी रोमांचक रहा। प्रधानाचार्य वीरेन्द्र वर्मा ने कबड्डी की शुरुआत दोनों टीम के कैप्टन के समक्ष टाश उछालकर की। विजई टीम संकुल की प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करेगी। विभाजन विभीषिका दिवस पर सभी को भारत के पुनः अखण्ड बनाए जाने के लिए संकल्प दिलाया गया। भारत माता की जय।



# सीतापुर संकुल

## विज्ञान सप्ताह का हुआ समापन









सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज केशव पूरी महोली में सुप्रसिद्ध रसायन्यज्ञ वैज्ञानिक प्रफुल्ल चंद्र राय के जन्मदिवस पर विज्ञान सप्ताह का आयोजन किया गया स जिसमें प्रतिदिन छात्र–छात्राओं ने विज्ञान के विविध प्रयोग ,मॉडल आलेख ,चित्र ,चार्ट आदि प्रदर्शित किए विद्यालय में औषधीय पौधों का रोपण किया गया आज विज्ञान सप्ताह के समापन पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कृषक इंटर कॉलेज के रसायन विज्ञान प्रवक्ता सुनील कुमार भारत ने कहा हम अपनी सोच को सदैव सकारात्मक रखें असफलताएं भी हमें शिक्षा देती हैं निरंतर प्रयत्न ही श्रेष्ठ सफलताओं का आधार है विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ अनुपम सिंह ने कार्यक्रम की प्रस्तावना रखी और एपीजे अब्दुल कलाम के बारे में बच्चों को बताया आयोजक राजीव शुक्ल ने अतिथि परिचय कराया उप प्रधानाचार्य राजकुमार शुक्ल ने आभार ज्ञापित किया कार्यक्रम का संचालन आचार्य रविकेश् मिश्र द्वारा किया गया।



## जरांकुश का पौधा भेंट किया



सरस्वती शिशु मन्दिर हरगॉव की बहन अंजली ने विद्यालय में जरांकुश का पौधा भेंट किया । विज्ञान सप्ताह के अवसर पर विभिन्न भैया बहिनों ने औषधीय पौधों का रोपण किया विद्यालय के विज्ञान आचार्य श्री सुनील मिश्र ने पौधों के औषधीयगुणों की जानकारी भैया बहनों को दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री विपिन विहारी शुक्ल ने वृक्ष हमारे मित्र व पर्यावरण के रक्षक है विषय पर जानकारी दी।

## शपथ ग्रहण कार्यक्रम सम्पन्न





सरस्वती शिशु विद्या मंदिर हरगावं सीतापुर में दिनांक 11–08 2022 को विद्यालय में शिशु भारती शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। जिसमे श्रीमान चन्द्रभाल गुप्ता बार ऐसोशिएशन अध्यक्ष सीतापुर ने माँ सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शिशु भारती के पदाधिकारियों को मुख्य अतिथि के द्वारा पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमान विपिन विहारी शुक्ला जी ने सभी विभाग प्रमुखों का विस्तार पूर्वक मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन शिशु भारती प्रमुख श्री अनिल कुमार त्रिवेदी जी ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन शांति मंत्र से हुआ।

## आनन्दी देवी सरस्वती सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज, सीतापुर में स्वतन्त्रता दिवस कार्यक्रम की झलकियां
























# पथ संचलन निकाला गया







स्थानीय सरस्वती शिशु / विद्या मन्दिर हरगाँव सीतापुर के भैया बहनों आचार्यो एवं अभिभावको द्वारा नगर में तिरंगा यात्रा निकाली गयी जिसमें घोष सहित 50 बहने, 100 भैया, 10 आचार्य, 50 नगर के गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया यात्रा विद्यालय से निकल कर जोशी टोला पिथुआदेवी गंज होतेहुए तीर्थ पर पहुँची जहॉ जलपान के साथ समापन हुआ।

इस अवसर पर पधारे हुए सभी जनों का विद्यालय के प्रधानार्य श्री विपिन विहारी शुक्ल ने आभार प्रदर्शन किया।

# तिरंगा के विषय में बताया गया



आनंदी देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सीतापुर में आज भाजपा के नगर अध्यक्ष आकाश बजरंगी व महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष कुसुम सिंह, नगर मंत्री सुधांशु मिश्रा व शक्ति केंद्र संयोजक शशांक शेखर सिंह के तत्वावधान में विद्यालय के भैया एवं बहनों को तिरंगा के महत्व के बारे में बताया गया ।इसे किस प्रकार से अपने घरों पर लगाना है व इसके बाद इसे कैसे संरक्षित करना है इस बिंदु को भाजपा के नगर अध्यक्ष ने विस्तार से बताया । तिरंगे के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया कि यह हमारे राष्ट्र के सम्मान का प्रतीक है । इस कार्यक्रम को विद्यालय के प्रत्येक कक्षा में संपन्न कराया गया व भैया बहनों को विस्तार से इसके महत्व के बारे में बताया गया।









# विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस कार्यक्रम सम्पन्न




आनंदी देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सीतापुर में आजादी के पूर्व विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें समाजसेवी श्री श्री राम अग्रवाल,दिनेश अग्रवाल जी व विद्यालय के प्रबंधक श्री श्रीराम रस्तोगी जी उपस्थित रहे ।आजादी के पूर्व की विभीषिका के बारे में विद्यालय के आचार्य श्री राजेश पांडे ने बताया कि कितने कष्ट सहने के बाद आज हम स्वतंत्र भारत में जी रहे हैं वह खुली हवा में सांसे ले रहे हैं उन्होंने विभीषिका की त्रासदी का सजीव वर्णन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री रामनिवास सिंह जी ने अतिथि परिचय कराया व कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की । विद्यालय के प्रबंधक जी ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के पूर्व आज सुबह ध्वजारोहण का भी कार्यक्रम संपन्न हुआ







# स्वतन्त्रता दिवस कार्यक्रम मनाया गया

स्वतंत्रता के अमृत उत्सव एवं स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर हरगांव सीतापुर मे स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम मनाया गया । जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में विद्यालय के कोषाध्यक्ष श्री विजय मिश्र, श्री राम प्रकाश तिवारी जी एवं विद्यालय के प्रबंधक श्री लल्लन बाबू शुक्ला जी ने मां भारती के चरणो में दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन किया । विद्यालय में ध्वजारोहण विद्यालय के अध्यक्ष श्री राजेन्द्र त्रिपाठी जी ने किया । ध्वजारोहण के पश्चात विद्यालय द्वारा नगर में पथ संचलन का आयोजन किया गया । जिसमें भैया बहनों ने सहभाग किया पद संचलन में भारत माता ,चंद्रशेखर आजाद भगत सिंह ,महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बोस ,आदि झांकियां आकर्षण का केंद्र रही पथ संचलन नगर के प्रमुख मार्ग लखीमपुर रोड ,लहरपुर रोड ,बस्ती रोड ,से होते हुए विद्यालय प्रांगण में समापन हुआ । पथ संचलन के पश्चात विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें भैया बहनों द्वारा देश भक्ति गीत हिंदी भाषण अंग्रेजी भाषण आदि प्रस्तुत किए गए कार्यक्रम में नगर के गणमान्य लोग उपस्थित हुए।











# हरदोई संकुल

## सरस्वती विद्या मन्दिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरदोई में हर घर तिरंगा कार्यक्रम की झलकियां

















# उन्नाव संकुल

## विज्ञान गैलरी का अवलोकन किया








उन्नाव SVMIC गोपिनाथपुरम शुक्लागंज । आज विद्यालय में वन्दना सत्र में माँ सरस्वती की वन्दना में अपने मध्य में मा0 रजनीश जी उपस्थित रहे। माँ सरस्वती जी के चरणों में पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया व सभी छात्रों को अपने ज्ञान रूपी अमृत से लाभान्वित किया । बाद में वे विज्ञान सप्ताह में निर्मित विज्ञान गैलरी का अवलोकन किया जिसमें छात्रों ने विभिन्न प्रकार के मॉडल व अन्य वैज्ञानिक उपकरण अपने ज्ञानलब्धि द्वारा बनाये थे । तत्पश्चात उन्होनें विद्यालय में कक्षों का निरीक्षण भी किया। कुछ कक्षाओं में उन्होंने छात्रों से वार्ता भी की।

# मनाया गया रक्षाबन्धन व हर घर तिरंगा कार्यक्रम











उन्नाव SVMIC गोपिनाथपुरम शुक्लागंज में भाई बहिन के प्यार का त्योहार रक्षाबंधन का त्योहार पूरे उत्साह के साथ भैया बहिनों ने मनाया । इस अवसर पर बहिनों ने जहाँ राखी बांधकर भाइयों का मिठाई खिलाकर स्वागत किया वहीं भैयाओं ने भी बहिनों को कुछ न कुछ उपहार स्वरूप भेंट किया। विद्यालय के पश्चात हर घर तिरँगा कार्यक्रम के लिए विद्यालय के सभी लगभग 2000 भैया बहिनों ने हाथ मे तिरँगा लेकर हर घर में तिरँगा फहराने का संकल्प लिया । विद्यालय के







प्रधानाचार्य जी ने व सभी आचार्यों ने सभी भैया बहिनों का उत्साह वर्धन किया।









# स्वतन्त्रता दिवस कार्यक्रम मनाया गया








गोपिनाथपुरम शुक्लागंज में धूमधाम से मनाया गया आजादी का अमृतमहोत्सव स्वतन्त्रता दिवस मनाया गया। आज विद्यालय में मौसम खराब होने के बावजूद कार्यक्रम में लगभग 2100 छात्र व 200 अभिभावक उपस्थित रहे । कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक पूर्व सांसद श्री देवी बख्श सिंह जी ने ध्वजारोहण कर किया इसी क्रम में भारत माता व स्वतन्त्रता सेनानी सुभाष चन्द्र बोस, चन्द्रशेखर आजाद व भगत सिंह जी के चित्र पर पुष्पार्चन कर डीप प्रज्ज्वलित किया व उनको नमन किया इसके पश्चात भैया बहिनों के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सिलसिला शुरू हुआ तो छात्र व अभिभावक हल्की वर्षा होने के बावजूद अपने स्थान से नहीं हिले, सभी ने भूरि भूरि प्रसंसा की। सबसे अधिक तब लोग भावुक हो गया जब उनके सामने छात्रों ने सर्जिकल स्ट्राइक उरी कैम्प का अभिनय किया। इसी क्रम में कक्षा दशम व द्वादश के उन भैया बहिनों को पुरस्कृत किया गया जिन्होंने इस वर्ष की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय व नगर का गौरव बढ़ाया है इसके अलावा विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले भैया बहिनों को भी पुरस्कृत किया गया साथ ही छब्ब के कैडेट्स को भी जिन्होंने कैम्प में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया उन्हें भी प्रसस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में प्रबन्धक पूर्व सांसद श्री देवी बख्श सिंह जी , सह प्रबन्धक श्री सुशील कुमार श्रीवास्तव जी , कोषाध्यक्ष श्री भूपेंद्र सिंह जी व सदस्य श्री रामकृ ष्ण यादव , सुरेश जी चूड़ीवाला आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे । प्रधानाचार्य श्री नरेन्द्र कुमार मिश्र जी ने सभी पदाधिकारियों का परिचय कराया व कार्यक्रम की प्रस्ताविकी प्रस्तुत की । संचालन श्री रविशंकर श्रीवास्तव जी किया । कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान व कल्याण मन्त्र से किया गया ।

# रायबरेली संकुल

## विज्ञान गैलरी प्रदर्शन









आज स०वि० म० ई०का० **NTPC** ऊंचाहार रायबरेली में विज्ञान सप्ताह के अंतर्गत भारतीय वैज्ञानिकों के अनुपम योगदान के उपलक्ष्य में विद्यालय के भैया–बहनों ने आकर्षक विज्ञान गैलरी तैयार की जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में हरिनारायण इण्टर कालेज ऊंचाहार के पूर्व प्रधानाचार्य श्री शिव करन प्रसाद तिवारी जो स्वंम एक प्रसिद्ध रसायनज्ञ है, ने आदरणीय प्रधानाचार्य श्री बालकृष्ण सिंह जी व विज्ञान विभाग के आचार्य श्री शशि भूषण मणि तिवारी, ओम प्रकाश पांडेय, प्रदीप पांडेय ,रवि शुक्ला के साथ विज्ञान गैलरी का अवलोकन कर भैया –बहनों के योगदान को सराहा और उन्हें वंदना सभा मे विभिन्न भारतीय वैज्ञानिकों के नूतन अविष्कार और उनके योगदान पर विस्तृत ब्याख्यान देकर अभिसिंचित किया।

# गोस्वामी जी की जयन्ती मनायी गयी







आज स० वि० म० इ० का० ऊंचाहार रायबरेली मे गोस्वामी तुलसीदास की जयंती बड़े धूम–धाम से मनाई गयी जिसमे विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय सेवा प्रमुख,पूर्व संगठन मंत्री मध्य प्रदेश परमादरणीय श्री रजनीश पाठक जी का पार्थेय भैया–बहनों को प्राप्त हुआ ।इस अवसर पर विद्यालय की बहनों को आर्यभट्ट समूह ,शिवाजी समूह, विवेकानंद समूह और तुलसी समूह मेंज बांटकर रामचरितमानस की चौपाई (राग ,लय ,)की एक प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमे निर्णयक मंडल के रूप में श्री साहेब लाल श्रीवास्तव और श्री वी०एन०सिंह जी (प्रबन्धक ntpc) मौजूद रहे। निर्णायक मंडल ने संयुक्त रूप से विवेकानंद समूह और तुलसी समूह को विजेता घोषित किया इसके अतिरिक्त श्री वी०एन० सिंह जी ने मनमोहक कजरी गायन कर सबको सम्मोहित कर लिया विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री बालकृष्ण सिंह जी ने विद्यालय परिवार की तरफ से सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया।

# विद्वत परिषद का गठन किया



दिनाँक 8 अगस्त 2022 दिन सोमवार को गोपाल स0वि0म0 सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्वत परिषद का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से निम्न पदाधिकारियों का चयन किया गया –अध्यक्ष पद पर डॉक्टर R B श्रीवास्तव पूर्व प्राचार्य F G कॉलेज , उपाध्यक्ष श्री I I त्रिपाठी पूर्व प्रवक्ता जनपद इंटर कॉलेज हरचंदपुर , मंत्री श्री धर्मेन्द्र सिंह बघेल प्रवक्ता डायट , सहमंत्री श्री भूपेंद्र राय प्रवक्ता डायट एवं प्रचार मंत्री श्री मधुरेश प्रताप सिंह प्रवक्ता हिंदी राजा चंद्र चूड़ सिंह इंटर कॉलेज महराजगंज रायबरेली सदस्यों में श्री अजय प्रताप सिंह प्रधानाचार्य जूनियर हाईस्कूल, श्री शिवशंकर सिंह प्रधानाचार्य जूनियर हाईस्कूल, श्री विजय प्रताप सिंह प्रवक्ता जीव विज्ञान शिवगढ़ इंटर कालेज, श्री छंगूराम अध्यापक प्राथमिक विद्यालय, श्री वीरेंद्र प्रताप सिंह प्रवक्ता जीव विज्ञान राजकीय इंटर कॉलेज सरेनी बने कार्यक्रम का संचालन श्री गिरिजा शंकर त्रिवेदी प्रवक्ता हिंदी , पदाधिकारियों एवं उपस्थित सदस्यों का परिचय कराया विद्वत परिषद प्रमुख श्री सुनील कुमार बाजपेई प्रवक्ता जीवविज्ञान तथा कार्यक्रम की प्रस्ताविकी विद्यालय के यशस्वी प्रधानाचार्य श्री रवीन्द्र मोहन मिश्र ने प्रस्तुत की । इस कार्यक्रम में विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य श्री जुगुल किशोर गुप्ता सहायक अध्यापक सामाजिक विज्ञान उपस्थित रहे तथा व्यवस्था में सहयोग प्रदान किया परिषद का समापन श्री गिरिजा शंकर त्रिवेदी द्वारा आभार व्यक्त करके तथा कल्याण मंत्र द्वारा हुआ।

# छात्र संसद एवं कन्या भारती का शपथ









आज सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज एन.टी.पी.सी. ऊँचाहार रायबरेली में बडे धूम धाम से छात्र संसद एवम कन्या भारती के पदाधिकारियों को ऊँचाहार के प्रतिष्ठित नारायण होस्पिटसल के डाक्टर सीमा त्रिपाठी एवम प्रबंध समिति के पदाधिकारी ने सपथ दिलाई । छात्र संसद प्रमुख श्री ओमप्रकाश पांडेय जी ने छात्र संसद एवम कन्या भरती की रूपरेखा रखा प्रस्तुत किये। सभी निर्वाचित पदाधिकारीयों ने सपथ लिए की विद्यालय विकास में निरंतर सहयोग करेंगे । इस अवसर पर विद्यालय के यसस्वी प्रधानाचार्य श्री बाल कृष्ण सिंह जी ने नव निर्वाचित पदाधिकारीयों को बधाई दिये और अतिथियों का परिचय और स्वागत किये। डॉक्टर सीमा त्रिपाठी जी ने भैया बहनों को सुभाशीष दी और निरंतर विद्यालय विकास करे इसकी भी कामना की आप भी विद्या मंदिर की पुरातन छात्रा रहीं है। उन्होंने विद्यालय परिवार की भूरी भूरी प्रशंसा की प्रबंध समिति के सदस्य गया प्रसाद जी भी भैया बहनों को बधाई दिए।



अंत मे सभी अतिथियों का आभार विद्यालय के व्यवस्था प्रमुख श्री शशिभूषण मणि तिवारी ने किया। यह जानकारी विद्यालय के सोशल मीडिया प्रमुख श्रवण कुमार सिंह ने दी।











# रक्षाबन्धन कार्यक्रम मनाया गया



गोपाल सरस्वती विद्या मंदिर में रक्षाबंधन का कार्यक्रम भैया बहनों ने बड़े ही हर्षोल्लास पूर्वक मनाया बहनों ने भाई की कलाई पर राखी बांधी इस इस अवसर पर प्रधानाचार्य श्री रविंद्र मोहन मिश्र ने इस पर्व के महत्त्व को छात्रों के बीच अपने विचार रखें और बहनों ने भैयाओं के साथ ही साथ आचार्यों को भी राखी बांधी।





स्वदेश सरस्वती विद्या मन्दिर महाराजगंज रायबरेली में रक्षाबन्धन की झलकी



# शपथ ग्रहण कार्यक्रम सम्पन्न







बरातीलाल गंगाराम सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज लालगंज में छात्रसंसद का शपथग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें छात्रसंसद के प्रधानमंत्री, उपप्रधानमंत्री, मंत्रियों एवं छात्र साँसदों को सत्य, निष्ठा, ईमानदारी के साथ दायित्व निर्वहन की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का प्रारंभ माँ शारदे की वन्दना, दीपप्रज्वलन से हुआ। लोकतांत्रिक एवं संसदीय तरीक़े से हुए चयन मे एकादश के छात्र प्रशांक बाजपेयी प्रधानमंत्री, रेवन्त उपप्रधानमंत्री, उत्कर्ष संसदीय कार्य मंत्री, ज्योतिरादित्य सिंह अनुशासन, आग्नेय बाजपेयी चिकित्सा, नीलेन्द्र विद्युत, निर्भय प्रताप खोयापाया,दिग्विजय स्वच्छता, आकाश शुक्ल वाहन,विहवल गुप्ता उद्यान, भव्य स्वरूप जल मंत्री, अदिक मिश्र परस्कर,वीरेंद्र यादव भोजन,देवांश सिंह अतिथि विभाग के मंत्री बनाये गये।इसी प्रकार अर्पण सिंह साहित्य परिषद, अंजनी कुमार विज्ञान परिषद, हर्षित गुप्ता गणित परिषद, शिखर पाण्डेय शारीरक शिक्षा परिषद, सूर्यांश योग एवं नैतिक परिषद ,अर्णव यादव कला परिषद प्रमुख के रूप मे शपथ ली। प्रधानमंत्री सहित सभी मंत्रियों साँसदों को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विहिप के जिलाध्यक्ष ,प्राथमिक शिक्षक संघ के मंडल अध्यक्ष अजय बाबू पाण्डेय ने सत्य, निष्ठा, ईमानदारी से कार्य करने की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि अजय बाबू पाण्डेय ने कहा कि छात्र ही देश के भावी नागरिक होते है।विद्यालय मे छात्रसंसद की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। श्री पाण्डेय ने कहा कि छात्रसंसद विद्यालय परिसर मे उत्कृष्ट शैक्षिक वातावरण के साथ सृजनात्मक क्रियाकलापों के द्वारा अपनी कार्यवाही संचालित करता है। पाण्डेय ने छात्रसंसद के सभी पदाधिकारियों, साँसदों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य चन्द्र प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि विद्या भारती का प्रमुख उद्देश्य छात्रो मे शैक्षिक विकास के साथ साथ व्यक्तित्व विकास भी है।छात्र संसद के माध्यम से छात्रों को संसदीय एवं लोकतांत्रिक प्रणाली से परिचित कराने के साथ उनमें दायित्व बोध का ज्ञान कराया जाता है। श्री पाण्डेय ने कहा कि छात्रसंसद छात्रो मे नेतृत्व क्षमता विकसित करने मे प्रमुख भूमिका अदा करता है। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ आचार्य विद्याधर मिश्र ने किया। कार्यक्रम मे आचार्य गोवर्धन साहू, मनोज अवस्थी, नीरज पाण्डेय, आलोक मिश्र, आलोक बाजपेयी, राजेंद्र पाण्डेय, रूपेश अवस्थी,विद्याकांत त्रिवेदी, जितेंद्र गुप्ता, सूर्यकान्त मिश्र ,अनुरूद्व त्रिपाठी अमरेश सिंह, रमेश मिश्र,नीरज साहू आदि आचार्य ,छात्र उपस्थित रहे।

# तिरंगा यात्रा निकाली गयी














सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज एनटीपीसी ऊँचाहार रायबरेली में आज दिनाँक 13 अगस्त 2022 को आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर अमृत महोत्सव के समापन अवसर पर भैया बहनों एवं अभिभावकों द्वारा तिरंगा यात्रा का शुभारंभ परमआदरणीय प्रदेश निरीक्षक श्री राजेन्द्र बाबू जी भारतीय शिक्षा समिति अवध प्रान्त एवं विद्यालय के यशस्वी प्रधानाचार्य श्री बालकृष्ण सिंह जी ने हरी झण्डी दिखाकर किया । इस अवसर पर क्षेत्रीय खेल प्रमुख श्री जगदीश सिंह जी की भी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में विद्यालय के बहनों ने भारत माता एवं लक्ष्मीबाई बनकर रथ पर सवार थी । यह तिरंगा यात्रा घोष वादन के साथ कदम से कदममिला कर चल रही थी भारत माता की जय तथा वन्दे मातरम के गगन भेदी नारों से एनटीपीसी कॉलोनी का परिसर गुंजायमान हो उठा इस यात्रा में 500 से अधिक तिरंगा हाथों में लिए चल रहे लोगो का जोश देखते ही बनता था।

# स्वतन्त्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया

आज 76वाँ स्वतन्त्रता दिवस स०वि०म० ई०का०ऊर्जा विहार ऊँचाहार, रायबरेली मे असीम–हर्सोउल्लास के साथ मनाया गया ।इस अवसर पर विद्यालय के यसस्वी प्रधानाचार्य श्री बालकृष्ण सिंह जी ने विशिष्ट अतिथि श्री भीषम सिंह (पूर्व सैन्य अधिकारी), मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के पूर्व छात्र (वर्तमान में नेवी ऑफिसर) श्री अभिषेक पांडेय जी , विद्यालय के उपाध्यक्ष श्री राजेश सिंह जी, कोषाध्यक्ष श्री आर.पी.बाथम ,सदस्य श्री गया प्रसाद जी व राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रचारक श्री ओम नारायण जी सहित सभी का परिचय कराकर विद्यालय परिसर मे स्वागत और अभिनंदन किया। इस पावन अवसर पर विद्यालय के भैया–बहनों द्वारा अंग्रेजी भाषण, हिंदी भाषण, संस्कृत भाषण, एकल गीत , सामूहिक गीत और अनेक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम बड़े ही मनोरम और मंत्रमुग्ध करने वाले अंदाज में प्रस्तुत किये गए। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि जी ने हर्ष ब्यक्त करते हुए आशान्वित भाव से कहा कि विद्या मंदिर के भैया –बहनों में स्वन्त्रता सेनानियों की झलक दिखती है।वहीँ मुख्य अतिथि जी ने भैया–बहनों में अपने उदबोधन से शौर्य की असीम ऊर्जा भर देश सेवा के लिये प्रेरित किया। विद्यालय के उपाध्यक्ष जी ने भैया–बहनों को परिश्रम ,लगन,निष्ठा और समर्पण से देश सेवा के लिए आवाहन किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य जी ने मनमोहक पंक्तियों से अपना राष्ट्र समर्पण प्रस्तुत किया–––

कुछ नशा तिरंगें की आन का है,
कुछ नशा मातृभूमि की शान का है,
हम लहरायेंगे हर जगह तिरंगा
नशा ये हिंदुस्तान की शान का है।

इस अवसर पर विद्यालय के भैया–बहनों के बोर्ड परीक्षा 2021–22 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दस–दस हजार की चेक देकर सम्मानित किया गया।







# स्वतन्त्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया

स्थानीय बरातीलाल गंगाराम सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज लालगंज रायबरेली मे राष्ट्रीय पर्व स्वंतत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय परिसर मे पूर्व विधि एवं न्याय मंत्री गिरीश नारायण पाण्डेय ने ध्वजारोहण किया।आजादी के अमृत महोत्सव अभियान के तहत विद्यालय के छात्रों ने देशभक्तिपूर्ण महापुरुषों की भव्य झांकी के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से होकर भव्य तिरंगा यात्रा निकाली। आकर्षक के केंद्र बने भव्य तिरंगा यात्रा में छात्र हाथ मे तिरंगा लिये हुए देशभक्ति नारों का घोष कर रहे थे। कार्यक्रम मे विद्यालय प्रबंधक प्रदीप मिश्र, अध्यक्ष राधेमोहन गुप्ता, सहप्रबंधक कैलाश बाजपेयी, कोषाध्यक्ष कौशलेंद्र प्रताप, लायक सिंह, प्रधानाचार्य रमेश सिंह, वरिष्ठ आचार्य चन्द्र प्रकाश पाण्डेय, अजय वर्मा, कौशिक बाजपेयी, लक्ष्मी शंकर गुप्ता, मनोज अवस्थी, विद्याधर मिश्र, रूपेश अवस्थी, नीरज पाण्डेय, अमरेश सिंह, अनुरूद्ध त्रिपाठी, सूर्य कांत मिश्र, गोवर्धन साहू, नीरजसाहू,विद्या कांत त्रिवेदी सहित शिक्षक, छात्र उपस्थित रहे। संचालन विद्याधर मिश्र ने किया।









# संस्कृत सप्ताह मनाया गया

दिनांक 4 अगस्त 2022 दिन गुरुवार से दिनांक 11 अगस्त 2022 तक सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज रतापुर रायबरेली में संस्कृत सप्ताह का आयोजन विभिन्न प्रतियोगिताओं द्वारा संपन्न किया गया, जिसमें प्रथम दिवस संस्कृत बेस्ट प्रदर्शनी एवं संस्कृति प्रदर्श जूनियर कक्षा की छात्राओं द्वारा, द्वितीय दिवस में संस्कृत भाषा प्रतियोगिता, तृतीय दिवस में चार्ट एवं स्लोगन प्रतियोगिता, चतुर्थ दिवस में संस्कृत श्लोक एवं गीत गायन प्रतियोगिता, पंचम दिवस में रक्षा सूत्र निर्माण कार्यशाला एवं षष्ठ् दिवस में समापन एवं पुरस्कार वितरण तथा रक्षा सूत्र वंदन कार्यक्रम संपन्न हुआ।

प्रथम दिवस में प्रदर्शनी का उद्घाटन श्री विशाल सिंह चौहान प्रांतीय अंकेक्षक एवं समापन कार्यक्रम श्री जामवंत राय कोषाध्यक्ष द्वारा संपन्न हुआ उन्होंने रक्षाबंधन के पौराणिक कथाओं का व्याख्यान एवं संस्कृत के महत्व के बारे में विस्तार से बताया उक्त विभिन्न कार्यक्रमों में निम्नलिखित छात्राओं ने स्थान प्राप्त किया–

- संस्कृत भाषण प्रतियोगिता–(जूनियर वर्ग)
  - प्रथम–स्वाति देवी –कक्षा 8 ब
  - द्वितीय–मानसी श्रीवास्तव –कक्षा 8 ब
  - तृतीय–सौम्या वर्मा –कक्षा 8 ब
- चार्ट एवं स्लोगन प्रतियोगिता–(जूनियर वर्ग)
  - प्रथम–सौम्या वर्मा –कक्षा 8 ब
  - द्वितीय–मानसी श्रीवास्तव –कक्षा 8 ब
  - तृतीय–श्रुति सिंह –कक्षा 8 ब
- चार्ट एवं स्लोगन प्रतियोगिता–(सीनियर वर्ग)
  - प्रथम–शिवानी सोनक –कक्षा 10 ब
  - द्वितीय–विशाखा वर्मा –कक्षा 12 स
  - तृतीय–स्वाति वर्मा –कक्षा 11 ब
- संस्कृत श्लोक एवं गीत गायन प्रतियोगिता–(जूनियर वर्ग)
  - प्रथम–मानसी श्रीवास्तव –कक्षा 8 ब
  - द्वितीय–स्वाती देवी –कक्षा 8 ब
  - तृतीय–तृषा यादव –कक्षा 6 ब
- संस्कृत श्लोक एवं गीत गायन प्रतियोगिता –(सीनियर वर्ग)
  - प्रथम–जागृति सावंत –कक्षा 12 अ
  - द्वितीय–रिया सिंह –कक्षा 12 अ
  - तृतीय–आंशी मिश्रा –कक्षा 10 ब

- रक्षा सूत्र निर्माण कार्यशाला–(जूनियर वर्ग)
    - प्रथम–मानसी श्रीवास्तव –कक्षा 8 ब
    - द्वितीय–शिखा सिंह –कक्षा 8 ब
    - तृतीय–अरूधन्ती राय –कक्षा 7 ब
- रक्षा सूत्र निर्माण कार्यशाला –(सीनियर वर्ग)
    - प्रथम–पूजा वर्मा –कक्षा 9 ब
    - द्वितीय–अनुकृति श्रीवास्तव –
    - तृतीय–मुस्कान सिंह –कक्षा 10 ब

समापन कार्यक्रम छात्राओं द्वारा गीत, कविता सुनाकर रक्षासूत्र बंधन (वृक्षों व आचार्य जी को) बांधकर किया गया। इस अवसर पर सभी छात्राओं और समस्त स्टाफ को प्रधानाचार्या श्रीमती निधि द्विवेदी जी ने रक्षाबन्धन का महत्व बताते हुए शुभकामनाएं दी।











# तिरंगा यात्रा का भव्यता से आयोजन सम्पन्न



दिनांक 14 अगस्त 2022 को आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर अमृत महोत्सव के अवसर पर सरस्वती बालिका विद्या मंदिर स्कूल रायबरेली की बहनों द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसका शुभारंभ पंजाब नेशनल बैंक के मंडल अध्यक्ष रोहिताश इंद्रायण एवं सरस्वती बालिका विद्या मंदिर की प्रधानाचार्य श्रीमती निधि द्विवेदी ने किया। इस तिरंगा यात्रा में गोपाल सरस्वती विद्या मंदिर के भैया–बहनों एवं कृपलानी सरस्वती शिशु मंदिर के भैया–बहनों ने भी भाग लिया। लगभग 1000 संख्या में अपने तिरंगा यात्रा के साथ घोष वादन के साथ स्काउट गाइड, एनसीसी कैडेट कदम से कदम मिलाकर चल रहे थे तथा वंदे मातरम के गगनभेदी नारों से सरस्वती नगर, रायपुर तिरंगा हाथों में लोगों का जोश देखते बन रहा था। इस तिरंगा यात्रा रैली में गोपाल सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य श्री रविंद्र मोहन मिश्र कृपलानी सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य श्री चंद्र मूल सिंह अपने–अपने विद्यालय का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। विद्यालय प्रबंध समिति के प्रबंधक श्री दिनेश कुमार श्रीवास्तव ,कोषाध्यक्ष श्री जामवंत राय कृपलानी सरस्वती शिशु मंदिर के प्रबंधक श्री राकेश कक्कड़ एवं जिला संघचालक श्री जे.डी. द्विवेदी जी एवं पंजाब नेशनल बैंक के मंडल अध्यक्ष पुरोहित एवं श्री आनंद बाजपाई उपस्थित रहे इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक एवं शिक्षिकाओं की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

# बाराबंकी संकुल

## मार्गदर्शन प्राप्त हुआ





स्वतन्त्रता का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज केशव नगर बाराबंकी के भइया/बहिनों को कीर्ति चक्र एवम सेना मेडल से सम्मानित **Major A K Singh** जी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। पाल नौका के माध्यम से **Major Singh** को 1986 में विश्व की परिक्रमा करने का गौरव प्राप्त है। विद्यालय के प्रबंधक आदरणीय संतोष कुमार सिंह जी ने **Major A K Singh** जी के प्रति आभार व्यक्त किया।







# अयोध्या संकुल

## चित्रकला व भाषण प्रतियोगिता सम्पन्न



सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नानकपुरा साकेत अयोध्या में रसायन विज्ञान के प्रसिद्ध वैज्ञानिक आचार्य प्रफुल्ल चंद्र राय की जयंती एवं विज्ञान सप्ताह के समापन के अवसर पर चित्रकला प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बहन श्रुति तिवारी अष्टम बहन नैंसी पटेल दशम बहन चंद्रियानी दूबे दशम भैया नमन सप्तम एवं भैया शिवमंगल सिंह दशम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया इस अवसर पर मुख्य अतिथि आदरणीय प्रोफ़ेसर शिवकुमार तिवारी ने भैया बहनों को वैज्ञानिक प्रफुल्ल चंद्र राय के बारे में बताया और आशीर्वाद दिया । प्रोफ़ेसर साहब ने भैया बहनों को नगद पुरस्कार भी दिया विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री सुरेश चंद पांडे ने उनके प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# प्रफुल्ल चन्द्र राय की जयन्ती मनायी गयी



अयोध्या। विद्या भारती योजना के अंतर्गत विद्यालय शिवदयाल जायसवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तुलसी नगर अयोध्या में प्रख्यात भारतीय रसायनज्ञ आचार्य प्रफुल्ल चंद्र राय की जयंती के उपलक्ष्य में दिनांक 25 जुलाई से 2 अगस्त तक विज्ञान सप्ताह का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत विद्यालय के आचार्य परमात्मादीन, मुकेश तिवारी एवं अरविंद पांडे के सहयोग से भैया – बहनों ने विज्ञान से संबंधित विभिन्न प्रकार के प्रोजेक्ट – मॉडल का निर्माण किया। अनन्या साहू (6th)ने फायर अलार्म, यशस्वी कसौधन (7th) ने रेन वाटर हार्वेस्टिंग, श्वेता शर्मा (7th) स्वच्छता बॉक्स, आदित्य शर्मा (7th) वेटलिफ्टिंग ट्रक, शिवम तिवारी (10th) रेन अर्थक्वेक अलार्म, अंकुर शुक्ला एवं पिनांष ने होवर क्राफ्ट, अर्पित पटेल केमिस्ट्री प्रयोग, राजकर्ष ने टेंपरेचर मेजरमेंट मशीन का निर्माण कर वंदना सत्र के दौरान इसका उपयोग बताया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अवनि कुमार शुक्ल ने बताया कि विज्ञान हमारे जीवन का महत्वपूर्ण आधार है। हमारा देश दुनिया के प्रगतिशील देशों में से एक है जिसका मुख्य कारण है विज्ञान। तथा बताया कि आचार्य प्रफुल्ल चंद्र राय का जन्म 2 अगस्त 1861 को बांग्लादेश में हुआ था। प्रफुल्ल चंद्र राय भारत के महान रसायनज्ञ, उद्यमी तथा महान शिक्षाविद भी थे। आचार्य राय केवल आधुनिक रसायन शास्त्र के प्रथम भारतीय प्रवक्ता ही नहीं थे बल्कि उन्होंने इस देश में रसायन उद्योग की नींव भी डाली थी। समापन सत्र के दौरान प्रधानाचार्य ने सभी भैया–बहनों को मेडल देकर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर आचार्य लल्ला सिंह, मुकेश तिवारी, परमात्मादीन, रामजी मिश्र, उत्तम कुमार पांडे, अरविंद कुमार पांडे, उर्मिला शुक्ला, सीमा पांडे, ज्योति तिवारी, विभा तिवारी, अतुल कुमार, केशवेंद्र माधव त्रिपुरारि, घनश्याम सिंह एवं कृष्णानंद तिवारी उपस्थित रहें।

# भैया–बहनों को पुरस्कृत किया गया



अयोध्या। प्रख्यात रसायनज्ञ डॉ प्रफुल्ल चंद्रराय की–जयंती विज्ञान सप्ताह के रूप में ( 25 जुलाई 2022–02 अगस्त 2022) तक मनाई गयी। आज वंदना–सभा के उपरांत विभिन्न प्रयोगों/ मॉडल का प्रदर्शन बाल वैज्ञानिक भैया/ बहनों ने किया। समापन से पूर्व स्थान प्राप्त बाल वैज्ञानिक भैया/बहनों को मेडल पहनाकर प्रधानाचार्य श्री अवनि कुमार शुक्ल के द्वारा सम्मानित किया गया।

# तिरंगा यात्रा निकाली गयी

शिवदयाल जायसवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तुलसी नगर अयोध्या में तिरंगा यात्रा निकाली गयी।











# तुलसी जयन्ती कार्यक्रम सम्पन्न





विद्या भारती विद्यालय शिवदयाल जायसवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तुलसी नगर अयोध्या में तुलसी जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य अवनि कुमार शुक्ल ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन कर किया। इस अवसर पर भैया चौतन्य (एकादश) एवं (अक्षांश) द्वादश ने अति सुंदर भजन प्रस्तुत किया, तथा कार्यक्रम का संचालन बहन साक्षी तिवारी (द्वादश) ने किया। प्रधानाचार्य ने बताया कि रामचरितमानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास जी की जन्मस्थली गोंडा है और योग गुरु महर्षि पतंजलि की जन्मस्थली भी गोंडा है। तुलसीदास जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए आपने बताया कि तुलसीदास जी का जन्म राजापुर (सूकरखेत) में हुआ था जो सरयू तथा घागरा का संगम है आपने भाषा के आधार पर, साहित्य के आधार पर तथा राजस्व विभाग के अभिलेखों के आधार पर सिद्ध किया। इसके लिए आपने अनेक साहित्य का अध्ययन किया तथा अनेक विद्वानों तथा संगठनों से साक्ष्यों को एकत्र कर जन्मभूमि के स्थान को सिद्ध किया। अयोध्या मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम कथा रामचरितमानस की पावन अवतार भूमि है।

आचार्य उर्मिला शुक्ला ने बताया कि रामचरितमानस में सात कांड का उल्लेख किया गया है जिसमें बालकांड , अयोध्याकांड, अरण्यकांड ,किष्किंधाकांड ,लंकाकांड ,सुंदरकांड, उत्तरकांड। गोस्वामी तुलसीदास ने कुल 12 पुस्तकों की रचना की, लेकिन सबसे अधिक ख्याति उनके द्वारा रचित रामचरितमानस को मिली। इस महान ग्रंथ की रचना तुलसीदास ने अवधी भाषा में की है और यह भाषा उत्तर भारत के जनसाधारण की भाषा है। इसलिए तुलसीदास को जन–जन का कभी माना जाता है। इस अवसर पर आचार्य लल्ला सिंह , परमात्मादीन, रामजी मिश्र ,उत्तम कुमार पांडे ,अरविंद कुमार पांडे ,सीमा पांडे ,ज्योति तिवारी , विभा तिवारी, अतुल कुमार ,केशवेंद्र माधव त्रिपुरारि ,घनश्याम सिंह, राम उजागर मिश्रएवं कृष्णानंद तिवारी उपस्थित रहे।

सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नानकपुरा साकेत के भैया बहन तिरंगा यात्रा निकालते हुए।











# अम्बेडकरनगर संकुल

## आचार्य प्रफुल्ल चन्द्र राय की जयन्ती मनायी गयी







विवेकानन्द शिशु कुंज सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल एन0टी0पी0सी0 कालोनी टाण्डा अम्बेडकरनगर में दिनांक 04.08.2022 को प्रख्यात भारतीय रसायनज्ञ आचार्य प्रफुल्ल चन्द्र राय जी की जयन्ती पर विज्ञान सप्ताह का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के भैया–बहनों ने विभिन्न विषयों पर विज्ञाान प्रदर्शनी लगाई जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि श्रीमान सूर्य नारायण पणिग्रही जी (महाप्रबन्धक मानव संसाधन, एन0टी0पी0सी0 टाण्डा) एवं श्रीमान प्रवण वर्मा जी ( उपमहाप्रबन्धक मानव संसाधन, एन0टी0पी0सी0 टाण्डा) ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 बृजेन्द्र कुमार मिश्र जी ने अतिथियों के साथ विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन किया। विज्ञान प्रदर्शनी देखने के लिए बड़ी संख्या में अभिभावक गण उपस्थित रहे।



# मेधावी छात्र अलंकरण समारोह हर्षोल्लास पूर्वक सम्पन्न









विवेकानन्द शिशु कुंज सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल एन0टी0पी0सी0 कालोनी टाण्डा अम्बेडकरनगर में दिनांक 05.08.2022 का मेधावी छात्र अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें सत्र 2021–2022 में बोर्ड परीक्षा में स्थान प्राप्त भैया/बहिनों तथा उनके माता–पिता को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मा0 लालजी वर्मा जी (पूर्व मंत्री/विधायक, कटेहरी विधानसभी अम्बेडकरनगर), विशिष्ट अतिथि श्रीमान महीप सिंह जी (उप महाप्रबन्धक सिविल एवं अनुरक्षण, एन.टी.पी.सी टाण्डा) तथा श्री रामकेश वर्मा जी, सहप्रबन्धक श्री अखण्ड प्रताप सिंह जी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मा0 लालजी वर्मा जी ने छात्रों एवं अभिभावकों को शिक्षा एवं सामाजिक समरसता के प्रति जागरूक रहने का आग्रह किया। विशिष्ट अतिथि श्री महीप सिंह जी एवं श्री रामकेश वर्मा जी ने छात्र–छात्राओं को आर्शीवाद प्रदान किया। अन्त में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 बृजेन्द्र कुमार मिश्र जी ने आए हुए अतिथि महानुभावों, अभिभावकों तथा विद्यालय प्रबन्ध समति के प्रति कृतज्ञता प्रकट की।







# जय बजरंग इण्टर कालेज रामनगर, अम्बेडकरनगर में स्वतन्त्रता दिवस कार्यक्रम












# गोण्डा संकुल

## तिरंगा यात्रा निकाली गयी






देश भर में मनाए जा रहे अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में आज सरस्वती शिशु मंदिर तथा सरस्वती विद्या मंदिर मालवीय नगर गोंडा के प्रधानाचार्य श्री उमाशंकर तिवारी जी,श्री कालीप्रसाद मिश्रा जी एवं श्रीमती पुष्पा मिश्रा जी के द्वारा ध्वजारोहण किया गया।इसके उपरांत सरस्वती शिशु मन्दिर,सरस्वती विद्या मंदिर तथा सरस्वती बालिका



विद्या मन्दिर के आचार्य बन्धु,बहनों एवं छात्रों द्वारा सामूहिक रूप से तिरंगा यात्रा निकाली गयी। इस यात्रा में हज़ारों की संख्या में छात्र मौजूद रहे।













# ''अखण्ड भारत  एक सांस्कृतिक राष्ट्र है'' – जनार्दन सिंह








गोण्डा। स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज मालवीय नगर के सरस्वती सभागार में भारत विभाजन स्मृति दिवस पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय शिक्षा समिति के संभाग निरीक्षक अवरीश कुमार, मुख्य वक्ता प्रबंधक  जनार्दन सिंह ,विशिष्टि अतिथि अरविंद गुप्ता,राजा बाबू गुप्ता एवं अध्यक्षता वीरेश्वर चौधुरी ने की। अतिथि परिचय एवं स्वागत विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य काली प्रसाद मिश्र ने कराया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती जी के समझ पुष्पार्चन एवं दीपप्रज्जवलन के साथ हुआ। मुख्य वक्ता के रूप में अपना विचार रखते हुए विद्यालय के प्रबंधक जनार्दन सिंह ने कहा कि भारत एक सांस्कृतिक राष्ट्र है जिसमें भारत के सभी धार्मिक और सांस्कृतिक चिह्न शामिल हैं। माता हिंगलाज, ननकाना साहिब से लेकर मानसरोवर तक एक ऐसा भू–भाग जहां बैठकर हमारे ऋषि, मुनियों और संतों ने विश्व कल्याण का मार्ग दिखाया, वहां रहने वाले लोग भी चाहे वे किसी भी मत–पंथ में दीक्षित हों, किसी भी राजनीतिक शासन से शासित हों, उन अमर संदेशों के साथ मानव कल्याण के पथ पर चलें, यही तो हमारी कामना है। और इस कामना को पूर्ण करने के लिए पहले हमें अपने देशवासियों को इसके लिए तैयार करना होगा कि वे अपने सांस्कृतिक भारत को ठीक से पहचानें ,उस पर गर्व करें फिर विश्व बंधुत्व की बात करें।

देश स्वाधीनता का अमृत महोत्सव मना रहा है। किन्तु आज एक पीढ़ी ऐसी भी है जिसने विभाजन की विभीषिका को झेला है। प्रत्येक सजग राष्ट्र अपने इतिहास से शिक्षा





लेकर पुरानी भूलों को फिर से न दुहराने का प्रबंध करता है। किन्तु क्या भारत ने अपने इतिहास से कोई शिक्षा ग्रहण की है ? क्या हमारे देश ने पिछले पचहत्तर वर्षों में ऐसी कोई तैयारी की है जिससे यह आश्वस्ति मिल सके कि विभाजन की विभीषका की पुनरावृत्ति नहीं होगी ? भारत को पुनः खंडित होने से रोकने का उपाय भी अखंड भारत की संकल्पना में ही अन्तर्निहित हैं। अतः अखंड भारत के विरोध का एक अर्थ भारत को फिर से बांटने, खंडित करने का समर्थन भी है। क्या किसी ने कल्पना की थी कि बीजापुर और दिल्ली के क्रूर और अत्यंत शक्तिशाली इस्लामिक सत्ताओं को चुनौती देते हुए शिवाजी महाराज एक हिन्दू–मराठा साम्राज्य स्थपित कर सकेंगे ? किन्तु ऐसा हुआ। यहूदियों ने संकल्प किया तो सदियों संघर्ष के पश्चात उन्हें इजराइल मिला। अतः लगभग पांच हजार वर्ष से जम्बू द्वीपे भारत खंडे का ...का नित्य संकल्प दुहराने वाले हिन्दुओं को भी एक दिन उनका अखंड भारत मिलेगा ही, ऐसी कामना की जानी चाहिए। अखंड भारत विश्व बंधुत्व वाली प्राचीनतम संस्कृति का प्रतीक है। अध्यक्ष वीरेश्वर चौधरी ने कहा कि खंडित भारत को पुनः अखंड बनाएंगे गिलगित से गारो पर्वत तक आजादी पर्व मनाएंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संभाग निरीक्षक अवरीश कुमार ने अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने के लिए आज से, कमर कसें, बलिदान करें ।

जो पाया उस में ना खोएं, जो खोया उसका ध्यान करें ।

धन्यवाद ज्ञापन शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य उमाशंकर तिवारी ने किया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रधानाचार्य काली प्रसाद मिश्र,उमाशंकर तिवारी,श्रीमती पुष्पा मिश्रा सहित विद्यालय के आचार्य ,अभिभावक उपस्थित रहे। यह जानकारी प्रचार प्रमुख जितेंद्र हलचल ने दी।

# बलरामपुर संकुल

सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज, रमनापार्क, बलरामपुर में ध्वाजारोहण के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।











# बहराइच संकुल

सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज माधवपुरी बहराइच से संस्कृति एवम कला कक्ष का लोकार्पण करते हुऐ श्री मान कौशल जी (प्रांत प्रचारक जी) श्री राजेन्द्र बाबू जी (प्रदेश निरीक्षक जी) श्री सुरेश सिंह (संभाग निरीक्षक जी)











# सरस्वती विद्या मन्दिर बहराइच में रक्षाबन्धन कार्यक्रम मनाया गया







